हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 4 जुलाई 2026

11 रोडवेज कर्मियों ने 9 से बेमियादी हड़ताल की दी चेतावनी...



12 तीन दिन में दिखें सीवरेज सफाई के नतीजे...



## खबर संक्षेप

### मंगाली में 480 प्रतिबंधित कैप्सूल सहित एक काबू

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने मंगाली आकलान निवासी संदीप को गिरफ्तार कर उससे भारी मात्रा में प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए हैं। मंगाली पुलिस चौकी प्रभारी सहायक सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। तभी मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने गांधीनगर रोड स्थित श्री भभूता सिद्ध जोतराम भगवान धाम मंदिर के पास छापा मारकर मंगाली आकलान निवासी संदीप उर्फ कालिया को काबू कर लिया। तलाशी में उससे प्रतिबंधित ब्रांड के 480 कैप्सूल बरामद हुए। आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है।

### ब्लैक फिल्म लगे वाहनों के 10-10 हजार के चालान

**हिसार।** जिले में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने व अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। महिला समर्पित टीम की प्रभारी सब इंस्पेक्टर ममता रानी एवं उनकी टीम ने रेलवे पुल के नीचे व मिल गेट क्षेत्र में जांच के दौरान दो वाहनों के शीशों पर अवैध रूप से ब्लैक फिल्म लगी हुई पाई गई। मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोनों वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्रत्येक वाहन का 10-10 हजार रुपये का चालान किया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया।

### मोबाइल चोरी करने का आरोपी दंपति गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए मिल गेट पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। सीआईए मिल गेट प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि 2 जुलाई को मोहल्ला डोगरान में रह रहे कैथल जिले के संतोख माजरा निवासी सुरेश कुमार ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उसके मोहल्ला डोगरान स्थित पंजू ढाबा से एक पुरुष एवं महिला दो मोबाइल फोन चोरी कर ले गए हैं। शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच सीआईए मिल गेट को सौंपी गई। जांच में आरोपियों की पहचान फतेहाबाद में रह रहे संगरिया निवासी संजय व उसकी पत्नी तमन्ना के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को काबू कर उनके कब्जे से चोरीशुदा दोनों मोबाइल फोन बरामद कर लिए।

### चुराए गए जेवरों के साथ महिला पानीपत से पकड़ी

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने चोरी की आरोपी महिला को पानीपत से गिरफ्तार किया है। सहायक उप निरीक्षक अंजू बाला ने बताया कि सेक्टर 15 निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने शिकायत दी थी कि उनके घर पर पिछले 15-20 दिनों से घरेलू कार्य करने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से महिला आशा रानी आती थी। 1 जुलाई को उन्हें संदेह हुआ कि उनकी अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी हो गए हैं। शिकायत पर केस दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर आशा को पानीपत से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ व जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी महिला से चोरीशुदा दो सोने की लेडीज अंगूठियां, एक चेन, एक जोड़ी झुमके, एक चांदी का बिछुआ व नकदी बरामद की है।

### पुलिस ने 175 ग्राम गांजा सहित आरोपी पकड़ा

**हिसार।** शहर थाना की अनाज मंडी चौकी पुलिस ने 175 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अनाज मंडी चौकी प्रभारी सब-इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एएसआई सोमबीर अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सेक्टर-14 क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ढंढूर निवासी विशाल को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 175 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

## जल आंदोलन

### चानौत में 49वें दिन भी जारी रहा ग्रामीणों का धरना

- 36 इंच की मुख्य पाइपलाइन से 6 इंच का टी-कनेक्शन और अमृत-2 योजना से जोड़ने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

चानौत में पानी के लिए चल रहे आंदोलन के 49वें दिन हांसी के साथ-साथ हिसार में भी किसानों ने प्रदर्शन किया। आंदोलन को समर्थन देने के लिए किसान संगठनों और खाप प्रतिनिधियों ने हांसी के उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल और हिसार में एसडीएम ज्योति मित्तल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की। हांसी में किसान नेता दशरथ मलिक, विकास सीसर, मांगेराम मलिक, विकास सीसर व रणवीर मलिक सहित काफी संख्या में किसान, खाप और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी राहुल नरवाल को ज्ञापन सौंपा। जबकि हिसार में लघु सचिवालय के समक्ष किसान संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, वकीलों, पार्षदों और जन-संगठनों ने प्रदर्शन किया। ज्ञापनों में मांग की गई है कि गांव चानौत को अमृत-2 योजना के तहत शामिल करते हुए हांसी शहर को आने वाली भाखड़ा पेयजल परियोजना की 36 इंची मुख्य पेयजल पाइपलाइन से 6 इंच का टी-कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। उधर, अनशनकारियों ने प्रशासन को 7 जुलाई तक का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो उनके द्वारा फिर से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

# किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन आज ट्रैक्टर मार्च और मानव शृंखला से दिखाएंगे एकजुटता





### सरकार के तीन करोड़ रुपये बचाने का दावा

ज्ञापन में किसान नेताओं ने दावा किया कि गांव को मुख्य पाइपलाइन से टी-कनेक्शन देने से हांसी शहर की जलापूर्ति पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके विपरीत अलग से पाइपलाइन बिछाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे सरकार के लगभग तीन करोड़ रुपये की बचत होगी। ज्ञापन के बाद किसान नेताओं ने कहा कि पाइपलाइन का रूट बदले जाने की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि पाइपलाइन का रूट बदलने का प्रयास किया गया तो संबंधित क्षेत्रों के ग्रामीण भी इसका पुरजोर विरोध करेंगे और आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। हिसार में इस मौके पर दिलबाग सिंह हुड्डा, सुरेंद्र मान, एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, पार्षद सत्यवान पानू, जयवीर सहरावत, इंद्र सिंह मलिक, सुभाष कुंडू, राजकुमार रेडू, बलराज मलिक, कुलबीर सिंह, अभेराम फौजी, सत्येंद्र, राजीव मलिक, धोला जेवरा, बबलू खरड़, जसवीर सूरा, विमला तरड, विद्या देवी, दिनेश सिवाच, सोनू लंकेश, अनिल बैंदा, सूरजमल, मेहर सिंह बांगड़ और उदयवीर सहित विभिन्न संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने बताया कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा 4 जुलाई को 12 बजे चानौत गांव में धरने को समर्थन देंगी।

### 24 गांवों के सरपंचों ने बनाई समन्वय समिति

चानौत गांव में चल रहे पेयजल आंदोलन को लेकर रोघी खाप और बूरा खाप के 24 गांवों के सरपंचों की शुक्रवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंदोलन को मजबूत करने और धरना कमेटी के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए अजीत खरकड़ी को सर्वसम्मति से प्रधान नियुक्त किया गया। बैठक के बाद दोनों खापों के सरपंचों ने संयुक्त वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि चानौत गांव के आंदोलन को पूरा समर्थन दिया जाएगा और आगे की रणनीति भी मिलकर तय की जाएगी। सरपंचों ने घोषणा की कि शनिवार को सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ चानौत गांव पहुंचेंगे और आंदोलन के समर्थन में मानव शृंखला बनाकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे।

### ऐलान: शपथपत्र देकर फिर शुरू करेंगे अनशन

गांव में पेयजल की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन एक बार फिर तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। गांव के पांचों अनशनकारियों ने शुक्रवार को ऐलान किया है कि यदि 7 जुलाई तक गांव को टी-जंक्शन से पेयजल कनेक्शन नहीं दिया गया तो वे दोबारा आमरण अनशन पर बैठेंगे। अनशनकारियों ने कहा कि इस बार वे पहले शपथ-पत्र देकर आमरण अनशन शुरू करेंगे। उनका कहना है कि यदि अनशन के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय विधायक, हांसी एसपी तथा हांसी डीसी की होगी।

## HTET आज से

# 22 हजार अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, पुलिस प्रशासन और रोडवेज की लारी तैयार

### दो दिनों में तीन चरणों में होगी परीक्षा, डीसी महेन्द्रपाल ने विभिन्न केंद्रों में प्रबंधों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन ने प्रबंध पूरे कर लिए हैं। उपायुक्त महेन्द्रपाल ने विभिन्न केन्द्रों का दौरा करके प्रबंधों का जायजा लिया। रोडवेज ने परीक्षार्थियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए हैं वहीं पुलिस की ओर से भी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। शनिवार व रविवार को तीन चरणों में होने वाली इस परीक्षा में कुल 22 हजार 429 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटीईटी) शनिवार व रविवार को प्रदेशभर में आयोजित की जाएगी। जिले में इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह परीक्षा दो दिनों में तीन चरणों में होगी। शनिवार को दोपहर बाद एक शिफ्ट की परीक्षा होगी, जिसमें 7433 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। रविवार को पहली व दूसरी शिफ्ट के तहत दो चरणों में परीक्षा होगी। पहली शिफ्ट में 11 हजार 641 व दूसरी शिफ्ट में 3355 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए उपायुक्त महेंद्र पाल ने शुक्रवार को फतेह चंद महिला कॉलेज, एफसी कॉलेज व राजकीय महाविद्यालय सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केंद्र अधीक्षक की तैनाती की जाएगी। सभी केंद्रों पर डीवीआर, जैमर, सीसीटीवी कैमरे तथा कंट्रोल रूम स्थापित जैसी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। उनके साथ डीईओ रतन लाल, एसडीएम ज्योति मित्तल सहित शिक्षा विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।





### यह रहेगी टाइमिंग

हरियाणा बोर्ड द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 जुलाई को सायंकालीन सत्र में दोपहर बाद 3 बजे से 5:30 बजे तक लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा होगी तथा 5 जुलाई को प्रात:कालीन सत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा एवं सायं कालीन सत्र में दोपहर बाद 3 बजे से 5:30 बजे तक लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा आयोजित होगी।

### एचटेट के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची

- ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जुगलान
- एफ.सी. कॉलेज फॉर वूमेन, मोहना मंडी
- राजकीय महिला महाविद्यालय, दिल्ली बाइपास
- राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़ रोड
- राजकीय मॉडल संस्कृति व.मा. विद्यालय, जहाजपुल
- पी.जी.एस.डी. वरिष्ठ मा. विद्यालय, पड़ाव चौक
- पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गंगवा
- सी.आर. पब्लिक स्कूल, राजगढ़ रोड
- सीसीएसएचएयू कैंपस स्कूल (न्यू ब्लॉक)
- सीसीएसएचएयू कृषि महाविद्यालय
- डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल, दिल्ली बाइपास
- दर्शन अकादमी, मिर्जापुर रोड
- दयानंद कॉलेज
- दिल्ली पब्लिक स्कूल, मय्यड़
- गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (स्कूल ऑफ बिजनेस)
- गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (टीचिंग ब्लॉक)
- आई.डी. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, डाबडा रोड
- जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फव्वारा चौक
- श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल, बगला रोड
- कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल, बालसमंद रोड
- श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, सिरसा रोड
- विद्या भारती पब्लिक स्कूल, गंगवा
- विश्वास सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, अर्बन एस्टेट
- द रॉयल सैनिक विद्यापीठ, बालसमंद रोड
- विजडम स्कूल, डाबडा रोड
- महाराजा अग्रसेन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नई अनाज मंडी
- न्यू इंडिया कॉन्वेंट स्कूल, मिर्जापुर
- सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल, डाबडा रोड
- सेंट कबीर स्कूल, सेक्टर-13

### विशेष सेवा: निर्धारित रूटों पर चलेंगी रोडवेज की बसें

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर रोडवेज प्रशासन ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष बस सेवाओं की व्यवस्था की है। महाप्रबंधक राहुल मित्तल एवं यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार ने बताया कि चार जुलाई को सायं 3 बजे से 5:30 बजे तक ने वाली लेवल-3 (पीजीटी) परीक्षा के मद्देनजर परीक्षार्थियों को दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने तथा परीक्षा समाप्ति के बाद सायं 5:30 बजे से 7:15 बजे तक वापस लाने के लिए विशेष बसें निर्धारित रूटों पर संचालित होंगी।

### हिसार रोडवेज ने पांच रूट निर्धारित किए

इसके लिए हिसार रोडवेज ने पांच रूट निर्धारित किए हैं, जिनके माध्यम से ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी, राजकीय महिला महाविद्यालय, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीजेयू), जीजीजे राजकीय पीजी कॉलेज, पीएम श्री स्कूल, सीआर पब्लिक स्कूल, सीसीएचएयू परिसर, मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पीजीएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा दर्शन अकादमी सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों को पहुंचाया जाएगा। विभिन्न परीक्षा केंद्रों के लिए किराया 5 रुपये से 25 रुपये तक निर्धारित किया गया है।

### परीक्षार्थियों की संख्या अनुसार संचालन

आदेशों में संस्थान प्रबंधक एवं कार्य निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें। रोडवेज प्रशासन ने उकलाना, बरवाला, अग्रोहा, बालसमंद, नारनौंद, हांसी और आदमपुर सहित विभिन्न बस स्टेंड प्रभारियों को भी निर्देश जारी किए हैं कि वे परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार हिसार के परीक्षा केंद्रों के लिए बसों का संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही पेयजल आदि उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### रोडवेज ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

यातायात प्रबंधक प्रीतम कुमार ने बताया कि रोडवेज परिसर में विभिन्न स्थानों पर परीक्षार्थियों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। इसके तहत परीक्षार्थी 233285 पर संपर्क करके बस रूट संबंधित जानकारी ले सकता है। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने के लिए विभाग का एक-एक कर्मचारी तैयार है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एचटेट के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों का कोई रूट प्रभावित नहीं होगा क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों से भी परीक्षार्थियों को परीक्षा देने आना होता है।

### पुलिस ने किए कड़े प्रबंध : एसपी

एचटेट परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिले में पुलिस ने व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि जिले में बनाए गए 36 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर आठ-आठ पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जिनमें एक-एक एनजीओ, तीन-तीन ओआरज व तीन-तीन महिला पुलिस कर्मचारी सहित पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा, ताकि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई जा सके। इसके अतिरिक्त शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अलग से ट्रैफिक पुलिस की विशेष ड्यूटियां लगाई गई हैं, ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## उधारी न आने व मारपीट से आहत व्यापारी ने किया सुसाइड, चार नामजद

- सुसाइड नोट में चार को ठहराया मौत का जिम्मेदार

**नारनौंद।** नारनौंद क्षेत्र के गांव सुलचानी में भैंस व्यापारी ने सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि लगभग 53 वर्षीय भैंस व्यापारी ने उधार दी गई 23 लाख 45 हजार रुपये की रकम वापस ना दिए जाने व समझौते के बहाने बुलाकर मारपीट किए जाने से आहत होकर जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले उसने दो पेज का सुसाइड नोट भी लिखा है जिसमें उसने चार लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। दो पेज के सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि आकाश को 8 लाख 21 हजार रुपये की अलग-अलग से भैंस दिलवाई थी। सात लाख रुपये उधार दिए थे। अब रुपये देने का टाइम आया तो जान से मारने की धमकी दी। झूठ बोलकर घर से समझौते के लिए ले गए। आकाश ने चाकू से हमला कर दिया। रुपये देने से इनकार कर दिया। इससे तंग आकर वह आत्महत्या कर रहा है। इसका जिम्मेदार आकाश है। व्यापारी ने लिखा है कि मेरे परिवार को रुपये दिला देना, आकाश पर कार्रवाई करें। दूसरे सुसाइड नोट में बारूराम ने लिखा कि कुंभा निवासी बुरा व नारनौंद का हरिओम, ब्रह्मणान ढाणी निवासी तारा व पाली के बोबी, इन चारों में मेरे 8 लाख 20 हजार रुपये है। इनको देने से इनकार कर दिया है। खुदकुशी कर रहा हूं। कृपा करके मेरे परिवार को रुपये दिलवा दें, इन चार लोगों पर सख्त कार्रवाई करें ताकि भविष्य में किसी के साथ ऐसा ना हो। नारनौंद पुलिस ने सुसाइड नोट अपने कब्जे में लिया। शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है, जहां शनिवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## सूरज के हत्यारोपियों का एक और मददगार दबोचा

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एनएच-10 मार्केट में जॉकी शोरूम के मैनेजर सूरज की हत्या के मामले में हांसी पुलिस ने फरार आरोपियों को पनाह देने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए-1 की टीम ने बहबलपुर निवासी संजय उर्फ मुल्ला को काबू किया है। उसकी गिरफ्तारी के साथ ही इस चर्चित हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। सीआईए-1 के उप निरीक्षक कपिल कुमार ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि वारदात के बाद फरार हुए आरोपी गौरव उर्फ गोचू और रवि उर्फ गोलू को फरारी के दौरान संजय उर्फ मुल्ला ने सहयोग और पनाह उपलब्ध कराई थी। तकनीकी साक्ष्यों, गुप्त सूचनाओं और लगातार की गई जांच के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी की भूमिका सामने आने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नलवा हलके के लिए दो बड़ी सौगातें

# मंगाली बना महाग्राम व तोशाम-गंगवा कैमरी लिंक मार्ग के लिए 23 करोड़ रुपये भी मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नलवा विधानसभा क्षेत्र के विकास को एक नई गति देते हुए प्रदेश सरकार ने क्षेत्र की जनता को दो बड़ी सौगातें दी हैं। नलवा से विधायक रणधीर पनिहार ने गांव मंगाली को महाग्राम घोषित करने और तोशाम रोड से गंगवा-कैमरी रोड लिंक मार्ग के निर्माण के लिए 23 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि जारी करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का दिल से आभार जताया है। विधायक पनिहार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पनिहार फार्म पर आयोजित रैली में क्षेत्र की जनता से जो संकल्प लिया था, वह आज धरातल पर सच साबित हो रहा है।

### मंगाली की 5 ग्राम पंचायतें मिलकर बनीं 'महाग्राम': रणधीर पनिहार



विधायक रणधीर पनिहार ने बताया कि विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा 27 मई को इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस ऐतिहासिक फैसले के तहत मंगाली क्षेत्र की 5 ग्राम पंचायतों को मिलाकर हरियाणा स्वर्ण जयंती महाग्राम विकास योजना में शामिल किया गया है। इनमें मंगाली आकलान, मंगाली ढाणी जाटान, मंगाली झारा, मंगाली मोहबत तथा मंगाली सुरतिया शामिल है। उन्होंने कहा कि महाग्राम बनने के बाद मंगाली में सीवरेज, स्वच्छ पेयजल, पक्की गलियां, स्ट्रीट लाइट जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

### सीधी सड़क बनेगी

विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप तोशाम रोड से गंगवा-कैमरी रोड तक लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से सीधी सडक़ का निर्माण भी कराया जाएगा। इस सडक़ से आस पास के पूरे क्षेत्र के हजारों लोगों को फायदा होगा और क्षेत्र विकास के मामले में नया मुकाम हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब और किसान के हित में लगातार काम कर रही है। मंगाली को महाग्राम का दर्जा मिलना और 23 करोड़ की सडक़ की मंजूरी इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार नलवा विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कर रही है।

# चार साल पहले की थी गौरव-पूजा ने शादी दूसरे युवक के संपर्क में आई तो मार दिया

- पुलिस पूछताछ में आरोपी गौरव ने किए कई खुलासे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर की शिव कॉलोनी में हुई महिला पूजा की हत्या मामले में आरोपी गौरव ने पुलिस पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। गौरव के अनुसार वे लिव इन में नहीं थे बल्कि उन्होंने 4 साल पहले शादी कर ली थी। शादी के बाद से ही दोनों शिव कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे। उधर, मृतका के शव का पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया गया। हत्यारोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। गौरव ने बताया, पूजा किसी युवक के साथ रिलेशन में थी। उसने पुलिस को बताया कि पूजा ने उसे गालियां देकर कई अपशब्द कहे थे, इसके बाद उसने तड़पा-तड़पाकर पूजा की हत्या कर दी।

### छिप-छिपकर करती थीं किसी युवक से बातें

पुलिस को दिए बयान ने आरोपी गौरव ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के शामली जिले के नाला गांव का रहने वाला है। अभी हिसार की शिव कॉलोनी में गली नंबर-7 में किराए के मकान में रह रहा है। उसने 2022 में पूजा से शादी की थी। पूजा की यह दूसरी शादी थी, पहले शादी से उसे एक लड़का और एक लड़की है। गौरव ने अपने बयान में बताया कि शादी के कुछ सालों तक तो सब ठीक रहा। इसके बाद पूजा किसी युवक के साथ रिलेशन में आ गई। वह छिप-छिपकर उससे बातें करती थीं। मैंने पूजा को कई बार समझाया कि गलत काम मत करो, इससे समाज में हमारी बदनामी होगी। मगर पूजा ने फिर भी उस युवक से बात करती रही।

### बदनामी की बात पर भड़की पूजा

गौरव के अनुसार एक जुलाई की रात वह और पूजा बेड पर सो रहे थे। बच्चे बाहर गैलरी में सो रहे थे। अचानक उसके दिमाग में पूजा के रिलेशन वाली बात आ गई। इसके बाद उसने उससे पूजा से कहा कि उस लड़के से बात मत किया करो, इससे हमारी बदनामी होती है। इसी बात पर पूजा भड़क गई। गौरव ने पुलिस को बताया कि गुस्से में पूजा कहने लगी, मैं तो ऐसे ही बात करूंगी, तू मेरा क्या कर लेगा। उसने मुझे गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं। गालियां सुनकर उसे भी गुस्सा आ गया। मैंने उसे रोकने की कोशिश की, मगर पूजा ने गालियां देनी बंद नहीं की। गौरव के अनुसार उसने रसोई से चाकू उठाकर पूजा पर वार कर दिया। एक हाथ से उसका मुंह दबा लिया, जिससे वो चीख न सके। इसके बाद पेट, कमर पर कई वार किए। उसे तब तक चाकू मारे, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। आरोपी गौरव के अनुसार पूजा की हत्या के बाद उसने बेड पर कंबल से उसकी लाश ढक दी। खून से सने चाकू को रसोई में ही छिपा दिया। इसके बाद कमरे को बाहर से बंद कर गैलरी में रखा पानी पिया और वहां से रेलवे स्टेशन की ओर भाग गया।



# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

लाइफ Style



# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।

हॉलीवुड मसाला



# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।



# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौमस में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे



हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।

# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

## दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



## अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

## कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



## 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

## इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज़ हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवार्ड्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

## अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सर्ट्स के लिए समर्पित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय 'ट्रेन द ट्रेनर्स' कार्यक्रम 7 से

**हिसार।** वर्तमान डिजिटल युग में विद्यार्थियों एवं समाज में डिजिटल उपकरणों के संतुलित एवं जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारीज आई.टी. विंग द्वारा 'डिजिटल वेलनेस-ट्रेन द ट्रेनर्स' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 7 एवं 8 जुलाई को पीस पैलेस में किया जाएगा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय हिसार केंद्र की प्रमुख बी.के. रमेश कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षकों को डिजिटल वेलनेस, एकाग्रता, मस्तिष्क की कार्यप्रणाली, डिजिटल डिटॉक्स, राजयोग मेडिटेशन तथा विद्यालयों में डिजिटल वेलनेस को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए आवश्यक गतिविधियों एवं प्रशिक्षण सामग्री से अवगत कराया जाएगा।

### ओशो ध्यान उपवन में मेडिटेशन कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 5 जुलाई को मेडिटेशन का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में साधकों को ध्यान की सरल विधियां सिखाई जाएंगी और ध्यान का अभ्यास भी करवाया जाएगा। इसके साथ ही ध्यान का महत्व स्पष्ट करते हुए इसे नियमित रूप से जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि ध्यान के नियमित अभ्यास से जीवन में गहराई, शांति और आनंद का अनुभव होता है। मेडिटेशन में साधकों को अपने भीतर की गहराई में उतरते हुए अलग अनुभूति होगी।

### शिविर में हुआ 21 लोगों की आंखों का ऑपरेशन

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में समाजसेवी आनंद बंसल सुलखनी वाले द्वारा अपने पिता की स्मृति में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने आंखों के सफेद मोतियाबिंद से प्रभावित 21 लोगों का निशुल्क नेत्र ऑपरेशन किया। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर आनंद बंसल व उनका परिवार, ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, अशोक शर्मा, विनोद मुंजाल, रामबाबू सिंगल, रामनिवास अग्रवाल सीए, मांगेराम गुप्ता, सुरेंद्र कुच्छल, जगमोहन जिंदल व सुमित मित्तल सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### युवाओं ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से किया संवाद

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में पांच दिवसीय एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम (ईएलपी) का आयोजन किया गया। मेरा युवा भारत द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता व व्यावहारिक अधिगम को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का प्रभावशाली आयोजन हुआ।

इसके तहत युवाओं ने मोक्ष वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों से संवाद स्थापित किया और उनके जीवन के अनुभवों से सीखने का प्रयास किया। इसके साथ ही दैनिक गैर-चिकित्सीय गतिविधियों में सहयोग करते हुए स्वास्थ्य एवं मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में सहभागिता की और सामुदायिक सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों में अपनी-अपनी भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में सिसाय के अंकित, सरसाना के दीपक, कंवारी की इंदु, न्योली कलां के रजत व उकलाना के तुषार ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

### बाबा विश्वकर्मा समिति ने लगाई छबील

**हिसार।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी को देखते हुए बाबा विश्वकर्मा समिति ने ऑटो मार्केट फेस 3, गेट नंबर 2 पर स्थित प्याऊ पर मीठे पानी की छबील लगाई, जिसमें ऑटो मार्केट के व्यापारी, मार्केट के मिस्त्री भाइयों, ड्राइवर भाइयों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और मीठे पानी का प्रसाद ग्रहण किया। समिति के प्रधान ओमपाल सिंह ने बताया कि विशेष बात यह रही कि बाबा विश्वकर्मा समिति ने डिस्पोजल का कोई भी इस्तेमाल नहीं किया।

---


#### श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन भगवान भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर हुए श्रद्धालु

# श्रद्धा, भक्ति व सदाचार से ही प्रभु शिव की कृपा संभव : अमृतानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर

शिव मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। कथा प्रारंभ होने से पूर्व भगवान शिव का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं भव्य आरती संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान शिव की महिमा का श्रवण किया और धर्मलाभ उठाया। ब्रह्मलीन संतों के तप और गौसेवा को किया नमन

यह भव्य और धार्मिक आयोजन ब्रह्मलीन परम पूज्य गौऋषि स्वामी राजेंद्रानंद महाराज (हरिद्वार) एवं परम पूज्य मुनि गिरि महाराज (किरमारा धाम) की पावन स्मृति में किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ पर दोनों महान संतों का श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। उनके तप, त्याग, निःस्वार्थ गौसेवा और सनातन धर्म के प्रति समर्पित जीवन को नमन करते हुए उपस्थित जनसमूह ने उन्हें अपनी भावांजलि अर्पित की। शिव महापुराण का श्रवण बदल देता है जीवनः कथाव्यास द्वितीय दिवस की कथा का रसपान कराते हुए कथाव्यास आचार्य अमृतानंद महाराज ने शिव महापुराण के परम माहात्म्य का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का सबसे सरल और सुगम मार्ग श्रद्धा, अनन्य भक्ति और सदाचार है। शिव महापुराण का श्रवण करने से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पापों का नाश होता है, अशांत मन को परम शांति मिलती है और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है।





आदमपुर। श्री शिव महापुराण कथा में प्रवचन देते आचार्य अमृतानंद महाराज व श्रद्धालुगण। फोटो: हरिभूमि

#### गुरु की कृपा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी

अपने व्याख्यान के दौरान आचार्य अमृतानंद जी महाराज अपने पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन गौऋषि स्वामी श्री राजेंद्रानंद जी महाराज को याद कर भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि गुरुदेव के श्रीचरणों में रहकर सेवा करने का जो परम सौभाग्य उन्हें मिला, वही आज उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी और शक्ति है। गुरुदेव से प्राप्त संस्कार और आशीर्वाद ही उन्हें सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

---



## सीएम ने टी लगवाने की मंजूरी दी पूर्व सीएम ने हटवा दिया : प्रो. संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

चानौत गांव में पेयजल समस्या को लेकर 5 जुलाई को होने वाले जनसमर्थन कार्यक्रम की तैयारियों के तहत पूर्व वित्त मंत्री एवं इनेलो के वरिष्ठ नेता प्रो. संपत सिंह ने शुक्रवार को उकलाना में कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के सदस्य एवं समाजसेवी कृष्ण थाकन के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से मुलाकात कर कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला 5 जुलाई को चानौत पहुंचकर ग्रामीणों के आंदोलन को अपना समर्थन देंगे। पत्रकारों से बातचीत में प्रो. संपत सिंह ने कहा कि चानौत में पानी की समस्या का समाधान सरकार की इच्छाशक्ति से संभव है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री ने टी लगवाने की मंजूरी दी थी, लेकिन पूर्व सीएम ने उसे हटवा दिया। टी सरकारी थी, उसे लगाने वाली भी सरकार थी और हटाने वाली भी सरकार थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा गांव और शहर के बीच टकराव पैदा करना चाहती है, लेकिन जनता उनकी मंशा को समझ चुकी है और आपसी भाईचारा बनाए रखेगी।

---

#### चेयरमैन ने किया राजकीय पशुधन फार्म का निरीक्षण

## सीमन बैंक में तकनीकी सुधार को जल्द पूर्ण करें



हिसार। राजकीय पशुधन फार्म का निरीक्षण करते हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन एडवोकेट अशोक कुमार सिरसी। फोटो: हरिभूमि

**हिसार।** हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन एडवोकेट अशोक कुमार सिरसी ने राजकीय पशुधन फार्म का दौरा कर सीमन बैंक, प्रजनन गतिविधियों तथा विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को सेक्स सॉर्टेड सीमन का अधिकतम लाभ दिलाकर दुग्ध उत्पादन व नस्ल सुधार को बढ़ावा दें। उन्होंने सीमन बैंक में तकनीकी सुधार को जल्द से जल्द पूरे करने, उच्च गुणवत्ता वाले पशुओं का वैज्ञानिक संरक्षण करने पर जोर दिया। साथ ही अनुपयोगी उपकरणों का नियमानुसार निस्तारण तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए। चेयरमैन ने अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आधुनिक पशुधन फार्म के निर्माण में तेजी लाने व हरियाणा, साहीवाल व थारपारकर नस्ल के प्रजनन योग्य सांडों को गौशालाओं व ग्राम पंचायतों तक पहुंचाने के निर्देश दिए ताकि नस्ल सुधार कार्यक्रम को गति मिले। उन्होंने शिप व पिगरी फार्म के पुनर्निर्माण कार्यों में भी तेजी लाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर ओएसडी-कम-मुख्य अधीक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. सुखविंद्र सिंह, डॉ. रविंद्र सहरावत, डॉ. संगीता दलाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब को ढहाया जाना स्वीकार्य नहीं: स. सुखसागर सिंह

**हिसार।** हरियाणा सिख गुरद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पूर्व सदस्य व चेयरमैन सुखसागर सिंह, गुरद्वारा गोबिंद नगर हिसार के हैड ग्रंथी नरवैर सिंह, स. गुरपिन्द्र सिंह, स. गुरुपाल सिंह व कंवरदीप सिंह सहित सिख समाज के दर्जन भर प्रतिष्ठित लोगों व नेताओं ने पाकिस्तान में लगभग 125 वर्ष पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा को तोडने की सख्त निंदा की है। स. सुखसागर सिंह ने इसे अस्वीकार्य बताते हुए भारत सरकार से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर गुरुद्वारा को गिराने वाले आरोपियों पर सख्त कार्यवाही व गुरुद्वारा के पुनर्निर्माण की पुरजोर मांग उठाई। स. सुखसागर ने बताया कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के फारुकाबाद (पुराना नामः मंडी चुहरकाना) में स्थित लगभग 125 वर्ष पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब को एक स्थानीय व्यवसायी द्वारा बुलडोजर से गिरा दिया गया। सरदार सुखसागर व सिख समुदाय के अन्य लोगों ने भारत सरकार से मांग की कि वह पाकिस्तान सरकार से तुरंत जांच कर दोषियों को दंडित करने और गुरद्वारा के ध्वस्त हिस्सों का शीघ्र पुनर्निर्माण करवाने के लिए आगे आए।

#### रोडवेज कर्मियों का धरना 50वें दिन भी रहा जारी

## 9 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा रोडवेज हिसार डिपो में महाप्रबंधक के खिलाफ कर्मचारियों के लंबित वित्तीय भत्तों एवं अन्य लंबित मांगों को लेकर चल रहा सांझा संघर्ष समिति का धरना शुक्रवार को 50वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता अजय दुहन ने की, जबकि रमेश प्रभुवाला ने मंच का संचालन किया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यदि इस बार भी महाप्रबंधक कर्मचारियों के 15 सूत्रीय मांग पत्र पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेते और अपनी तानाशाहीपूर्ण कार्यशैली में सुधार नहीं करते, तो कर्मचारी 9 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के धैर्य की लंबे समय से परीक्षा ली जा रही है, लेकिन अब वे आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वक्ताओं ने कहा कि हाल ही में सीएम फ्लाइंग तथा वन विभाग द्वारा की गई जांच निष्पक्ष रही है और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## मिर्चपुर में 9 दिन से पीने के पानी की सप्लाई बंद

**नारनौंद।** गांव मिर्चपुर में जलघर से पिछले नौ दिनों से वाटर सप्लाई का पानी बंद है। ग्रामीण अपनी प्यास बुझाने के लिए तीन से चार किलोमीटर दूर खेतों से पानी लाकर काम चला रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर रविवार तक पानी की सप्लाई बहाल नहीं की तो सोमवार की जलघर पर ताला जड़कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीण इसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से भी कर चुके हैं। कुछ दिन पहले ही गांव में जिला उपायुक्त राहुल नरवाल एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गांव में पहुंचे थे। ग्रामीणों ने उनके सामने भी पानी के समस्या को लेकर मांग पत्र सौंपा था। लेकिन आज तक भी गांव में पीने के पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

#### सोमवार को जलघर पर जड़ेंगे ताला

ग्रामीण मास्टर चंद्र प्रकाश, पूर्व सरपंच सत्यवान, भीर सिंह, ऋषि लाल, राजेंद्र, जगबीर, रमेश कुमार, कमलजीत, सुनीता, कमलेश, सुमन, रेशमा, अंगूरी, चांदों, बिमला आदि ने बताया कि पानी के लिए काफी परेशानी हो रही हैं। खेतों में लगे ट्यूबवेल का पानी पीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इस भीषण गर्मी में पानी लाने के तीन चार किलोमीटर लंबी दूरी तय करके पानी लाना पड़ रहा हैं। पहले भी काफी समस्या थीं अब तो पिछले नो दिनों से वाटर सप्लाई का पानी ही नहीं आ रहा। पूरे गांव में पानी के त्राहि त्राहि मची हुई हैं। सरकार के नेता और प्रशासन के अधिकारी आंख बंद करके बैठे हुए हैं। विभाग के अधिकारियों को भी सूचित किया जा चुका हैं लेकिन हमारी कहीं पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। रविवार तक अगर हमारी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सोमवार को जलघर पर ताला जड़ेंगे के मजबूर होंगे।

---

# गुजवि के नौ विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने अपने 2026-27 प्लेसमेंट सीजन की शानदार शुरुआत की है। 2027 पासिंग आउट बैच के नौ विद्यार्थियों को छात्रों को इंफोसिस में हेकविदइंफी के जरिए 6.25 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर चयनित किया गया है। खास बात यह है कि 2027 पासिंग आउट बैच के विद्यार्थियों के लिए यह सत्र की पहली प्लेसमेंट सफलता है, जो उन्हें अपने अंतिम वर्ष में जाने से पहले ही मिल गई है। यह प्लेसमेंट विश्वविद्यालय के शुरुआती दौर से ही उद्योग के लिए तैयार रहने और कोडिंग में बेहतरीन प्रदर्शन पर दिए जाने वाले बल को दर्शाती है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि 2027 पासिंग आउट बैच की शुरुआती प्लेसमेंट सफलता ने 2026-27 प्लेसमेंट सीजन के लिए एक सकारात्मक माहौल बनाया है। उन्होंने बताया कि गुजवि ने पिछले शैक्षणिक सत्र में अब तक का सबसे अच्छा प्लेसमेंट प्रदर्शन किया था। उन्होंने भरोसा जताया कि प्लेसमेंट सीजन की इतनी अच्छी शुरुआत के साथ, विश्वविद्यालय इस साल अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ने और प्लेसमेंट के नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए तैयार है। सहायक प्लेसमेंट निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से निखिल वर्मा, अंकित कुमार, शुभम कुमार, निशांत खंगार, गगनदीप, ललित कुमार और सौरभ कुमार, तथा बीटेक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से कल्पना और ओजस्वी शामिल हैं।

- प्लेसमेंट सीजन की शानदार शुरुआत



हिसार। गुजवि के सीएसई विभाग के अध्यक्ष एवं कुलपति के तकनीकी सलाहकार के साथ चयनित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# डॉ. मैरी वर्गीस के जीवन पर नाटक कार्यशाला

#### 20 दिवसीय रंगमंचीय कार्यशाला में छात्राएं सीखेंगी अभिनय की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गंगवा में छात्राओं के लिए एक विशेष हिंदी नाटक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के सहयोग से लगाई जा रही है।

इस कार्यशाला के तहत भारत की पहली व्हीलचेयर सर्जन और पद्मश्री पुरस्कार विजेता डॉ. मैरी वर्गीस के प्रेरक जीवन पर आधारित एक नाटक 20 दिन की रंगमंचीय कार्यशाला में तैयार किया जाएगा। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य सुमेधा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यशाला का संचालन मुख्य निर्देशक सतीश चंद्र और उनके सहायक रोहित की देखरेख में किया जाएगा जो छात्राओं को रंगमंच की बारीकियों और अभिनय के गुर सिखाएंगे। यह कार्यशाला 3 जुलाई से लेकर 22 जुलाई तक स्कूल परिसर में ही लगाई जाएगी। नाटक की कार्यशाला के दौरान बताया जाएगा कि डॉ. मैरी वर्गीस ने शारीरिक अक्षमता को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया और व्हीलचेयर पर रहते हुए भी देश का पहला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित किया।



हिसार। कार्यशाला की शुरुआत पर छात्राओं को डॉ. मैरी वर्गीस के जीवन पर आधारित नाटक के बारे में जानकारी देते हुए। फोटो: हरिभूमि

---

#### पुलिस अधीक्षक ने बताए ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके

# मुनाफे के झांसे में न आएं, फर्जी लिंक और कस्टमर केयर नंबरों से रहें सचेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने जिलेवासियों को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की अपील करते हुए विस्तृत साइबर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन सेवा लेते समय विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ठग खुद को बैंक अधिकारी, कस्टमर केयर प्रतिनिधि, बिजली विभाग, बीमा कंपनी, गैस एजेंसी, फास्टैग, ई-कॉमर्स कंपनी या सरकारी विभाग का कर्मचारी बताकर लोगों से संपर्क करते हैं। इसके अलावा केवाईसी अपडेट, रिफंड, इनाम, ऑनलाइन सेवा या शिकायत समाधान के नाम पर भी लोगों को अपने जाल में फंसाया जाता है। उन्होंने कहा कि साइबर ठग व्हाट्सएप, एसएमएस, ई-मेल और सोशल मीडिया के जरिए फर्जी लिंक भेजते हैं या मोबाइल में ऐप डाउनलोड करवाते हैं। जैसे ही व्यक्ति लिंक पर क्लिक करता है या ऐप इंस्टॉल करता है, ठग उसके मोबाइल और बैंकिंग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुंच बना लेते हैं और खाते से अवैध लेन-देन कर आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं।

एसपी विनोद कुमार ने यह भी कहा कि कई लोग इंटरनेट पर उपलब्ध फर्जी कस्टमर केयर नंबरों पर कॉल कर ठगी का शिकार हो जाते हैं। साइबर अपराधी स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करवाकर या बैंकिंग जानकारी हासिल कर खाते से रकम निकाल लेते हैं। इसलिए किसी भी बैंक, कंपनी या संस्था का कस्टमर केयर नंबर केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट या आधिकारिक मोबाइल ऐप से ही प्राप्त करें।



- विनोद कुमार, एसपी, हांसी।

#### नशे के खिलाफ पुलिस की नई पहल

**हिसार।** जिला पुलिस केवल नशा तस्करों पर कानूनी शिकंजा कसने तक सीमित नहीं है, बल्कि नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को नई जिंदगी देने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में जिला की नशा मुक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सारंगपुर व थाना अग्रोहा क्षेत्र के गांव कालीरावण में विशेष जनजागरूकता एवं पुनर्वास अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने ग्रामीणों, युवाओं एवं अभिभावकों से संवाद करते हुए नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद एवं सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अभिभावकों से अपने बच्चों पर विशेष ध्यान रखने तथा उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचाने की अपील की गई। नशा मुक्ति टीम ने गांवों में नशा पीड़ितों एवं उनके परिजनों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उन्हें उपचार के लिए प्रेरित किया।

### सीआईए ने हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पुलिस द्वारा जिलेभर में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने 6.67 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को काबू किया है। सीआईए टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि उपनिरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में सीआईए टोहाना की टीम सलेमपुरी-ढाणी नूरपुर दिवाना रोड स्थित नहर पुल पर गश्त एवं नशा तस्करी रोकथाम अभियान के दौरान मौजूद थी।

इसी दौरान विश्वसनीय सूचना मिली कि ढाणी नूरपुर, गांव दिवाना निवासी प्रिंस पुत्र मोहन सिंह हेरोइन लेकर मोटरसाइकिल पर आने वाला है। सूचना के आधार पर नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे काबू कर नियमानुसार तलाशी ली, जिसके दौरान उसकी पैंट की दाहिनी जेब से 6.67 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

#### अंजलि कप्तान और निधि को मिली उप कप्तानी

## राष्ट्रीय जूनियर रग्बी स्पर्धा के लिए गर्ल्स टीम हैदराबाद रवाना



हिसार। रवाना होने से पूर्व हरियाणा जूनियर रग्बी टीम के साथ दिलबाग सिंह, नरेंद्र मोर व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** हरियाणा जूनियर (लड़की) रग्बी टीम हैदराबाद के लिए रवाना हुई जो 6 व 7 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर रग्बी प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगी। राष्ट्रीय जूनियर रग्बी प्रतियोगिता के लिए हरियाणा जूनियर (लड़की) रग्बी टीम का अंतिम चयन शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी, (चरखी दादरी) में प्रशिक्षण शिविर के दौरान किया गया। चयन प्रक्रिया मुख्य कोच राजेश तक्षक एवं टीम कोच भामिनी पाण्डेय की देखरेख में सम्पन्न हुई जिसमें खिलाड़ियों के कौशल, फिटनेस, अनुशासन तथा मैच प्रदर्शन के आधार पर अंतिम टीम का चयन किया गया। मीडिया प्रभारी सत्यवान धनखड़ के अनुसार अंजलि (जींद) को कप्तान और निधि (चरखी दादरी) उपकप्तान नियुक्त किया गया है। टीम में अंजली, रिद्धिमा, ऋतु, सुप्रिया, राधिका, मनु (जींद), सुहाना, रूबी देवी, कनिका (हिसार), खुशबू, निधि (चरखी दादरी), अंकेत (भिवानी) का चयन किया गया है। हरियाणा रग्बी टीम के साथ भामिनी पांडेय (गुरुग्राम) को टीम कोच एवं राजेन्द्र सिंह (जींद) को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### 11 गुमशुदा मोबाइल असली मालिकों को सौंपे

**हिसार।** जिला पुलिस की साइबर सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन तलाशने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जुलाई महीने के पहले सप्ताह में गुम हुए मोबाइलों की शिकायतों पर साइबर सेल प्रभारी पीएसआई अमित के नेतृत्व में उनकी टीम ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए लाखों रूपये के 11 गुमशुदा मोबाइल फोन तलाश कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए। इस अभियान में साइबर सेल टीम के साथ सहायक उप निरीक्षक मुकेश सहारण, महिला सिपाही थाना अर्बन एस्टेट प्रियंका, थाना सदर से महिला सिपाही दीपा तथा थाना बरवाला से महिला सिपाही सुजाता ने प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी सहायता से गुम हुए मोबाइल फोन ढूंढ निकाले। मोबाइल प्राप्त करने वालो में डोगरान मोहल्ला निवासी प्रदीप, किनाला निवासी विक्रम, मिठी निवासी चन्द्रभान, डोभी निवासी पुरुषोत्तम, सेक्टर 13 हिसार निवासी विजेन्द्र पूनिया, हांसी निवासी गौरव, बुगाना निवासी रामनिवास व पटेल नगर निवासी साईंदित्ता सहित अन्य शामिल रहे।

### चोरी के मामले में एक गिरफ्तार, जेल भेजा

**हिसार।** पुलिस ने थाना शहर क्षेत्र में दर्ज चोरी के एक मामले में गिरफ्तार आरोपी को पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में दर्ज केस के अनुसार शिकायतकर्ता ने निर्माणाधीन मकान से एसी पाइप एवं कॉपर वायर चोरी होने की शिकायत दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी सूर्य नगर की गली नंबर 11 निवासी अमिता उर्फ अमित उर्फ सोहन को गिरफ्तार किया। घटनास्थल की निशानदेही के चलते चोरीशुद्वा समान बरामद किया गया। पुलिस रिमांड के बाद उसे फिर से अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

### अवैध शराब मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अवैध शराब तस्करी एवं बिक्री पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सदर थाना के उप निरीक्षक विनोद कुमार ने अवैध शराब बरामदगी के मामले में आरोपी अंकित को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच के दौरान बरामद वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से कुल 13 पेटियां अवैध देसी शराब बरामद हुई थीं, जिनमें 96 बोतल देसी शराब मार्का माल्टा तथा 120 अद्धे देसी शराब मार्का माल्टा शामिल हैं।

### मरम्मत कार्य के चलते बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**हांसी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सिटी एसडीओ मोहनलाल जांगड़ा ने बताया कि आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते शनिवार को 33 केवी दयाल सिंह कॉलोनी सबस्टेशन से संचालित बिजली आपूर्ति सुबह 6 से 11 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान शहर के 11 केवी डडल पार्क, जगदीश कॉलोनी, कॉलेज रोड, सैनीपुरा, जागा बाड़ा फीडर तथा खेतों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

---

### दूसरे दिन भी पुलिस में नहीं हुई रिपोर्ट दर्ज, टर्मिनेट नर्स भी जांच के घेरे में, दिया नोटिस

# खेड़ी चोपटा के निजी अस्पताल में मरीजों का इलाज करने पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

खेड़ी चोपटा के बरवाला रोड पर श्री कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल पर गलत तरीके जन्म रजिस्ट्रेशन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारकर रिकॉर्ड जब्त किया था। फिलहाल इस अस्पताल में अगले आदेशों तक मरीजों के इलाज करने पर रोक लगा दी गई हैं। इस मामले के तार खेड़ी चोपटा पर ही एक टर्मिनेट नर्स के साथ जुड़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उसकी जांच में शामिल होने के लिए नोटिस दिया था लेकिन वह जांच में शामिल होने के लिए नहीं पहुंची। शनिवार को फिर दोबारा से जांच में शामिल होने के लिए नोटिस दिया गया है। डॉक्टरों की टीम इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएगी। खेड़ी चोपटा के निजी अस्पताल में छापेमारी के बाद मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में एक टर्मिनेट नर्स को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस दिया गया है। अस्पताल की संचालक ने बताया कि तीन डिलीवरी केस उनके अस्पताल में नहीं आए थे। उनकी डिलीवरी दूसरी जगह पर हुई थी और उनका जन्म प्रमाण पत्र तैयार करवाने के लिए उन्होंने फाइल तैयार की थी। दो मामले गांव खेड़ी के है। तीसरा केस गांव कापड़ों का है। फिलहाल इन तीनों फाइलों को होल्ड कर दिया गया हैं। शुक्रवार को टर्मिनेट नर्स के घर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नोटिस पहुंचाया गया जो कि उनके बेटे ने रिसीव किया है। उनको शनिवार को जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया हैं। उनकी जांच में शामिल होने के बाद ही असली परतें खुल सकेंगी कि इस मामले में कितने लोग ओर शामिल हैं।

#### यह था मामला

गौरतलब है कि गुरुवार की शाम को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से खेड़ी चोपटा पर श्री कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में पैसे लेकर गलत तरीके से फर्जी जन्म रजिस्ट्रेशन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारा। टीम इंचार्ज डॉ. विक्रम गोरिया, डॉ. अंजू दलाल, ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. अजय कुमार शामिल थे। जैसे ही टीम शाम को अस्पताल में पहुंची तो वहां पर अस्पताल के संचालक जींद जिले के गांव सफा खेड़ी निवासी रमेश कुमार ओर राजकुमार सहित दो अन्य डॉक्टर पाए गए। जिनमें उत्तर प्रदेश छछरौली की डॉ. शिवानी और बिहार के डॉ. आकिब थे। टीम ने उनको कागजात दिखाने के लिए कहा तो उन्होंने उत्तर प्रदेश से रजिस्ट्रेशन के प्रमाण पत्र दिखाएं जिनका हरियाणा मेडिकल काउंसलिंग में कोई रजिस्ट्रेशन नहीं था। अस्पताल में 31 तरह की एलोपैथिक दवाइयां भी पाई गई थी जिनको जप्त करके शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। सभी दवाइयों को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। अस्पताल के रिकॉड में अब तक 27 केस डिलीवरी पाए गए हैं। सभी की जांच की जा रही हैं।

#### मामले की जांच जारी

जांच में एक टर्मिनेट नर्स मनजीत का नाम सामने आया है। कि उसने खुद अपने घर पर डिलीवरी की थी और उनका जन्म प्रमाण पत्र इस अस्पताल में तैयार करवा कर उपलब्ध करवा देती थी। जब्त की गई दवाइयां कोर्ट में पेश की गई है। अस्पताल में मरीज का इलाज नहीं करने के लिए आदेश दिए गए हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही हैं। जांच पूरी होने के बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएगी।

*-डॉ. विक्रम गोरिया टीम इंचार्ज*

---

### पहली बरसात से शहर में जलभराव को लेकर हांसी डीसी हुए सख्त

# तीन दिन में दिखें सीवरेज सफाई के नतीजे, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी




हांसी। नगर परिषद व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीसी राहुल नरवाल तथा नालियों की सफाई करते सफाई कर्मचारी — फोटो : हरिभूमि

बरसात के मौसम को देखते हुए शहर की सीवरेज व्यवस्था, जल निकासी और साफ-सफाई को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तीन दिन के भीतर विशेष सफाई अभियान चलाकर धरातल पर सकारात्मक परिणाम दिखाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिला सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में नगर परिषद, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शहर की सीवरेज लाइनों, नालों और जल निकासी व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से बचने के लिए सभी संवेदनशील क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सफाई कार्य कराया जाए। सभी विभागीय अधिकारी तुरंत फील्ड में उतरकर कार्यों की निगरानी करें।

#### जलभराव पर निगरानी रखी जाए

बैठक में उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग को आमटी झील के सामने स्थित गली में नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में संभावित जलभराव वाले सभी स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध पहले से सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त एवं डीएमसी लक्षित सरीन, नगर परिषद ईओ राजेंद्र सोनी तथा जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी तथा नगर वाइस चेयरमैन अनिल बंसल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### नप का सफाई अभियान तेज

उपायुक्त के निर्देशों के बाद नगर परिषद ने शहर के प्रमुख ड्रेनों, नालों और सीवरेज लाइनों की सफाई अभियान की गति और तेज कर दी है। नगर परिषद की टीमों ने चार कुतुब से सिसाय पुल, बड़सी गेट से जींद चौक, तीकोना पार्क चौक से उमरा गेट, उमरा गेट से बड़सी गेट, मॉडल टाउन, अंबेडकर चौक, ग्रीन बेल्ट क्षेत्र तथा सिसाय पुल से कायमसर झील तक विभिन्न ड्रेनों की सफाई करवाई।

---

## खाद्य सुरक्षा पर सख्ती, मिलावट खोरों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

- डीसी ने मिलावट पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए
- खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला स्थापना की प्रक्रिया तेज करने को कहा
- खाद्य सुरक्षा को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित
- स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों के अनिवार्य पंजीकरण के निर्देश


हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि जन-साधारण के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण की व्यवहार्यता रिपोर्ट शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों के सभी नमूनों के लिए राज्य लाइसेंस लेना अनिवार्य किया जाए। औद्योगिक क्षेत्र में स्थित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की नियमित जांच की जाए। उपायुक्त ने खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करने तथा खाद्य सुरक्षा से जुड़े सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि आशा वर्कर्स के माध्यम से आमजन में खाद्य सुरक्षा, जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाए। मिड डे मील तथा आंगनवाड़ी केंद्रों का अनिवार्य रूप से पंजीकरण करवाया जाए ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पोषक आहार उपलब्ध हो सके।

बैठक में सीएमजीजीए अनमोल, सिविल सर्जन सपना गहलावत,उप कृषि निदेशक राजबीर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---



हिसार। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते सह निदेशक डॉ. अशोक गोदारा।

## कृषि आधारित उद्यम स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान

- समेकित कृषि प्रणाली में उद्यमिता एवं कौशल विकास के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से युवाओं को कृषि आधारित उद्यमिता, कौशल विकास तथा स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक माह का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में हरियाणा के जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी, सोनीपत, रेवाड़ी, झज्जर तथा चरखी दादरी से अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश कौशिक के सहयोग व मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने युवाओं से सरकारी नौकरी की प्रतीक्षा करने की बजाय कृषि आधारित उद्यम स्थापित करने की दिशा में आगे बढने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संस्थान का उद्देश्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में नवाचार, उद्यमिता, तकनीकी दक्षता एवं आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. सतीश मेहता, संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. संदीप भाकर, भूपेन्द्र सिंह, डॉ. विकाश हुड्डा, डॉ. डीके शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

---

## निष्पक्ष मतदाता सूची के लिए दलों का सहयोग जरूरी : महेंद्र पाल

**हिसार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के मद्देनजर शुक्रवार को लघु सचिवालय के वीसी सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त महेंद्र पाल ने की। उपायुक्त ने बताया कि जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित किए जा रहे है साथ ही मतदाताओं से भरे हुए फॉर्म को प्राप्त करके डिजिटाइज किया जा रहा है। उपायुक्त ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य में सहयोग करने की अपील की। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा एसआईआर प्रक्रिया के दौरान आने वाली विभिन्न परेशानियों व दिक्कतों को उपायुक्त रखा गया इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि एसआईआर प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान प्रतिनिधियों द्वारा एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित सुझाव भी दिए गए। जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, वहां नए मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में जिलें की सभी विधानसभा क्षेत्रों में 907 बूथ है रेशनेलाइजेशन उपरांत 75 नए बूथ और बनाए जाएंगे। 15 जून से 14 जुलाई तक मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और मतदान केंद्रों के युक्तिकरण का कार्य भी इसी अवधि में पूरा किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को होगा, जिसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएंगी।

> राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य में सहयोग करने की अपील की



---



हिसार। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से शिष्टाचार भेंट करते कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि, रायपुर (छत्तीसगढ़) के कुलपति प्रोफेसर मनोज दयाल।

## कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि के वीसी प्रो. दयाल पहुंचे गुजवि

- कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से की शिष्टाचार भेंट
- गुजवि में जनसंचार शिक्षा एवं शोध को सशक्त बनाने पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) के कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरसी राम बिश्नोई से भी शिष्टाचार भेंट कर उच्च शिक्षा, जनसंचार, शोध एवं अकादमिक सहयोग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया। प्रोफेसर मनोज दयाल ने जनसंचार विभाग के दौरे के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. आज्ञाराम पांडेय के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में विभाग के समग्र विकास, शोध गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, विभाग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने तथा विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण की अवधारणा को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान शिक्षाविदों ने जनसंचार शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, नवाचार आधारित शिक्षण, उद्योग-अकादमिक सहयोग तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभाग की पहचान को और मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रोफेसर मनोज दयाल ने गुजवि में जनसंचार शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक सहयोग, संयुक्त शोध परियोजनाओं तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के आदान-प्रदान के नए अवसर विकसित होंगे।

---

## ऑनलाइन व्यापार के नाम पर ठगी का आरोपी नूंह से गिरफ्तार



**हांसी।** साइबर थाना पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। ऑनलाइन व्यापार के नाम पर डेढ़ लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के 5वें आरोपी को पुलिस ने जिला नूंह से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नूंह जिले के गांव उमरा निवासी इजहार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी गई रकम में से 69 हजार रुपये भी बरामद किए गए हैं। थाना साइबर अपराध में तैनात एएसआई प्रेम कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 में दर्ज साइबर ठगी के एक मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने इजहार नूंह से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ठगी की गई राशि में से 69 हजार रुपये बरामद किए गए हैं।

**सोशल मीडिया विज्ञापन के जरिए लगाया था चूना**

पुलिस के अनुसार, पीड़ित अंकुश ने शिकायत दी थी कि उसने सोशल मीडिया पर फीड सप्लीमेंट सप्लाई से संबंधित एक विज्ञापन देखकर संपर्क किया। आरोपियों ने बड़ी मात्रा में सामान उपलब्ध कराने का झांसा देकर अलग-अलग बैंक खातों में अग्रिम भुगतान के रूप में 1.50 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। राशि मिलने के बाद आरोपियों ने फर्जी बिल और बिल्टी भेज दी। कुछ समय बाद सभी मोबाइल नंबर बंद कर दिए और सामान भी नहीं भेजा। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर थाना हांसी में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर मामला

**पहले हो चुके हैं चार आरोपी गिरफ्तार**

जांच में सामने आया कि इस साइबर ठगी में कई लोग शामिल थे। पुलिस इससे पहले इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब पांचवें आरोपी की गिरफ्तारी और नकदी की बरामदगी से जांच को और मजबूती मिली है।

---

### स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर काटे 6 चालान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। निरीक्षण के दौरान एएसआई राहुल सैनी ने पुरानी सब्जी मंडी के पीछे स्थित एक गोदाम के कर्मचारी द्वारा खुले में कचरा फेंकने पर चालान किया। वहीं टिब्बा दानाशेर में एक दुकानदार तथा लाहोरिया चौक पर भी एक अन्य दुकानदार को खुले में कचरा डालते पाए जाने पर चालान किया गया। इसके अलावा एएसआई विजेता ने रेड स्क्वेयर मार्केट में एक रेहड़ी संचालक और एक दुकानदार के खिलाफ खुले में कचरा डालने पर कार्रवाई करते हुए चालान काटे। वहीं एएसआई प्रवीण ने डाबड़ा चौक पुल के नीचे एक मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा खुले में कचरा फेंकने पर चालान किया। इस अभियान के दौरान कुल छह चालान किए गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

---

**सुनवाई** — उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक

# समाधान शिविर में 4200 का निपटान, 354 लंबित

- समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। समाधान प्रकोष्ठ की बैठक में अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त महेंद्र पाल ने समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उपायुक्त महेंद्र पाल शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव तथा अग्निशमन सेवाएं के महानिदेशक शेखर विद्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की वीसी उपरांत संबंधित अधिकारियों की बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर के माध्यम से जिले में अभी तक कुल 6376 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 4200 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है, जबकि 354 शिकायतें लंबित हैं।

उपायुक्त महेंद्र पाल ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर के माध्यम से प्राप्त लंबित शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाई जाए तथा प्रत्येक मामले में गंभीरता के साथ ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी से बचें। बैठक में एसीयूटी विवेक यादव, एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त प्रदीप हुड्डा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिकारियों को एक्शन टेकन रिपोर्ट समय पर अपलोड करने के निर्देश

**हांसी।** जिला सचिवालय परिसर में शुक्रवार को एडीसी लक्षित सरीन की अध्यक्षता में समाधान प्रकोष्ठ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाधान शिविरों के दौरान प्राप्त लंबित शिकायतों एवं समस्याओं की विभागवार विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को इनके शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान एडीसी ने राजस्व, स्थानीय शहरी निकाय, विकास एवं पंचायत, पुलिस, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग तथा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड से संबंधित लंबित मामलों की एक-एक कर समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक शिकायत की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन शिकायतों पर कार्रवाई की जा चुकी है, उनकी एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर तुरंत अपलोड की जाए।

